दिन– गुरूवार दिनांक– 12/11/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित राष्ट्र बनने के लिए सभी से मिलकर काम करने का आह्वान किया।

02. प्रदेश में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत आज मतदाता सूची के प्रारूप का हुआ प्रकाशन। एक महीने तक की जा सकेंगी दावा आपत्ति।

03. प्रदेश में राशन कार्ड से वंचित पात्र लाभुकों को तीस दिनों के अंदर उपलब्ध कराया जायेगा कार्ड।

04. और, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सारण में सरयू नदी के तट पर नवनिर्मित रामघाट रिवर फ्रंट का किया उद्घाटन। पटना मरीन ड्राइव के मांझी तक विस्तार की घोषणा की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सभी से मिलकर काम करने का आह्वान किया है। श्री मोदी आज नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में आयोजित दिवाली मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के सौ वर्ष पूरे होने से पहले भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा।

———बाइट———

प्रधानमंत्री ने मीडिया से सामाजिक सरोकारों और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने वाले मुद्दों को अपने मंचों पर जगह देने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि दिवाली का त्योहार अभी संपन्न हुआ है और छठ पर्व की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। उन्होंने सभी को इन त्योहारों की शुभकामनाएं दीं।

———बाइट———

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब से थोड़ी देर बाद नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारत कृषि सम्मेलन–दो हजार छब्बीस को संबोधित करेंगे। दो दिन के इस सम्मेलन में देशभर से लगभग दो हजार किसान, नीति निर्माता, राजनयिक, उद्योग जगत के प्रतिनिधि और कृषि वैज्ञानिक शामिल होंगे।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राशन कार्ड से वंचित पात्र लाभुकों को तीस दिनों के अंदर राशन कार्ड उपलब्ध करा दिया जायेगा। पटना में आज राशन कार्ड वितरण समारोह को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिन लोगों का राशन कार्ड बन जाता है वे आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन अरोग्य योजना के दायरे में भी आ जाते हैं।

———बाइट———

श्री चौधरी ने कहा कि सरकार अगले वर्ष से पचहत्तर वर्ष या उससे अधिक के वरिष्ठ नागरिकों के घर तक राशन पहुंचाने की व्यवस्था करेगी।

———बाइट———

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने तेईस लाख पचहत्तर हजार नये लाभार्थियों के बीच राशन कार्ड का वितरण किया। साथ ही श्री चौधरी ने एक हजार चार सौ अड़तालीस लोगों को नई जनवितरण प्रणाली दुकान का लाईसेंस भी सौंपा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अशोक कुमार चौधरी समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य मौजूद थे।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज सारण जिले के मांझी में सरयू नदी के तट पर नवनिर्मित रामघाट रिवर फ्रंट और अटल द्वार का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण भी किया। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

लगभग नौ करोड़ रुपये की लागत से विकसित रामघाट रिवर फ्रंट परिसर में अटल वाटिका, सरयू कैफे, जीविका रसोई, यज्ञशाला और आकर्षक प्रकाश व्यवस्था सहित कई सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इस मौके पर आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री ने मांझी तक मरीन ड्राइव के विस्तार की घोषणा की। उन्होंने लोकनायक जयप्रकाश नारायण के गांव को स्थायी पुल से जोड़ने और क्षेत्र में पौराणिक मान्यताओं के अनुरूप कॉरिडोर विकसित करने की भी बात कही। इस अवसर पर उप–मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और स्थानीय सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल मौजूद थे। आकाशवाणी समाचार के लिए सारण से पवन कुमार सिंह।

———————————————————————

प्रदेश में मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के लिए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण– एसएसआर आज से शुरू हो गया है। इसके तहत आज निर्वाचक सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया गया। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार एसएसआर के तहत ग्यारह दिसंबर तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और विवरण में सुधार के लिए दावा–आपत्ति दर्ज कराई जा सकेगी। अभियान में छूटे हुए मतदाताओं और दिव्यांगजनों के नाम जोड़ने पर विशेष जोर रहेगा। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत पहली जनवरी दो हजार सत्ताईस की अर्हता तिथि के आधार पर पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोड़े जाएंगे। इसके लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों माध्यमों से आवेदन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। नाम जुड़वाने के लिए प्रपत्र–6, नाम हटाने के लिए प्रपत्र–7 और पता बदलने या विवरण में सुधार के लिए प्रपत्र–8 भरना होगा। **सभी प्रारूप ऑनलाइन वोटर सर्विस पोर्टल वोटर्स डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है। इस संबंध में संबंधित बीएलओ, निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी और जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय से भी संपर्क किया जा सकता है।** प्राप्त दावे और आपत्तियों का निष्पादन 28 दिसंबर तक किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अगले वर्ष 4 जनवरी को होगा। निर्वाचन आयोग ने पात्र नागरिकों से मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने की अपील की है। समाचार कक्ष से निधि श्री।

———————————————————————

आज लोक सेवा प्रसारण दिवस है। यह दिन आकाशवाणी से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ऐतिहासिक संबोधन की याद में हर साल मनाया जाता है। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

लोक प्रसारण के इतिहास में आज का दिन महत्वपूर्ण है। वर्ष 1947 में आज ही की तारीख को महात्मा गांधी ने नई दिल्ली में प्रसारण भवन में अपना पहला और एकमात्र दौरा किया था और उन्होंने कुरुक्षेत्र में रह रहे उन लोगों को संबोधित किया था जो बंटवारे के दौरान विस्थापित हुए थे।

महात्मा गांधी की आवाजरू षकि अगर मैं रेडियो से बोलूं आपके लिए और आपके सामने तो अच्छा होगा, और पीछे जब जा सकता हूं तब जाऊं। तो मैं तो आपके पास आने की कोशिश कर रहा हूं।

इसके बाद वर्ष 2000 से 12 नवंबर को लोक सेवा प्रसारण दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। तब से आकाशवाणी प्रतिवर्ष इस अवसर पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन करता आ रहा है। इन आयोजनों के दौरान आकाशवाणी के संगीत कलाकार महात्मा गांधी के प्रिय भजनों की प्रस्तुति देते हैं। पूरे वर्ष आकाशवाणी देश भर में गांधीवादी दर्शन पर आधारित विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला भी प्रसारित करता है। समाचार कक्ष से मैं मुकेश कुमार बल।

लोक आस्था का महापर्व छठ कल नहाय–खाय के साथ शुरू होगा। चार दिवसीय अनुष्ठान के प्रथम दिन छठ व्रती भगवान सूर्य की पूजा के महाव्रत का संकल्प लेंगे। नहाय खाय के दिन व्रती पवित्र स्नान के बाद सात्विक रुप से तैयार अरवा चावल और कद्दू की सब्जी प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं। व्रत के दूसरे दिन चौदह नवम्बर को खरना का अनुष्ठान होगा। पन्द्रह नवम्बर को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जायेगा। इसके अगले दिन सोलह नवम्बर को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ महापर्व का समापन होगा। विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि छठ महापर्व को लेकर नदी घाटों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने आज दानापुर में विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। श्री यादव ने कहा कि छठ एक ऐसा पर्व है, जहां साम्प्रदायिक सद्भाव की अनुपम झलक दिखती है।

———बाइट———

प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में 17 नवंबर से 'संकल्प संध्या' कार्यक्रम शुरू होगा। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बताया कि इस योजना के तहत कक्षा नौवी से बारहवीं तक के कमजोर विद्यार्थियों को निःशुल्क अतिरिक्त पढ़ाई की सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को नियमित पढ़ाई के साथ होमवर्क पूरा करने और परीक्षा की तैयारी में भी विशेष सहयोग दिया जाएगा। शिक्षा विभाग की इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक कमजोरियों को दूर करना और उनके परीक्षा परिणाम में सुधार लाना है।

पूर्णियां जिले के काली प्रसाद टोला से पुलिस ने आज आतंकी गतिविधियों से जुड़े होने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। वरीय पुलिस अधीक्षक शौर्य सुमन ने बताया कि खुफिया एजेंसियों के इनपुट के आधार पर मधुबनी थाना क्षेत्र से यह गिरफ्तारी हुई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार युवक के पाकिस्तान स्थित कट्टरपंथी संगठनों से जुड़े होने के साक्ष्य मिले हैं।

———बाईट———

———————————————————————

मोकामा विधायक अनंत सिंह ने विधानसभा से जारी नोटिस का जवाब देने के लिए समय मांगा है। उन्होंने अपनी बेटी की शादी का हवाला देते हुए विधानसभा अध्यक्ष से समय की मांग की है। गौरतलब है कि पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में जदयू की शिकायत पर विधानसभा अध्यक्ष ने अनंत सिंह को नोटिस जारी किया है।

———————————————————————

मधुबनी के बलिराजगढ़ गोलीकांड में फरार चल रहे निलंबित एएसआई–सहायक अवर निरीक्षक चन्द्रमोहन सिंह पर तीन लाख रुपये का ईनाम करने की अनुशंसा पुलिस मुख्यालय को भेजी गई है।

———————————————————————

सीवान में ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता राजेश चौधरी ने रंगदारी मांगे जाने के मामले में पुलिस में शिकायत की है। शिकायत के अनुसार उनसे पत्र के माध्यम से एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई है।

———————————————————————

अररिया जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अभियान चलाकर हथियार, शराब और अन्य आपत्तिजनक सामानों के साथ पन्द्रह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

मधुबनी जिले के फुलपरास थाना क्षेत्र के सिमरा गांव में अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के छापेमारी कर रही है।

———————————————————————

भोजपुर जिले के आरा सदर थाना क्षेत्र से पुलिस ने आभूषण चोरी के आरोप में तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी के आभूषण, नकद रुपये और कई मोबाईल फोन भी बरामद किये गए हैं।

———————————————————————

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सभी से मिलकर काम करने का आह्वान किया।

02. प्रदेश में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत आज मतदाता सूची के प्रारूप का हुआ प्रकाशन। एक महीने तक की जा सकेंगी दावा आपत्ति।

03. प्रदेश में राशन कार्ड से वंचित पात्र लाभुकों को तीस दिनों के अंदर उपलब्ध कराया जायेगा कार्ड।

04. और, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सारण में सरयू नदी के तट पर नवनिर्मित रामघाट रिवर फ्रंट का किया उद्घाटन। पटना मरीन ड्राइव के मांझी तक विस्तार की घोषणा की।

———————————————————————

समाप्त